आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 07.04.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## मुख्य समाचारः–

1– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर बस्तर के समग्र विकास का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया।

2– प्रदेश में आरटीई के तहत प्रवेष नहीं देने वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी।

3– विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आज छत्तीसगढ़ में अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**और**

4– अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेष में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना।

...........

## मुख्यमत्री–प्रधानमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर बस्तर के समग्र विकास का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। उन्होंने

प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण भी दिया, जहां कई परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित होने के बाद अब विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। योजना में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर है। इंद्रावती नदी पर परियोजनाओं से कृषि को लाभ मिलेगा। वहीं, रेललाइन और एयरपोर्ट विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास और स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है। पर्यटन स्थलों के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इन पहलों से बस्तर में विकास का नया दौर शुरू होगा।

अपने प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर संगठन के कामकाज, भावी रणनीतियों और देश के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि श्री नबीन के नेतृत्व में संगठन आगे और मजबूत होगा।

## प्रवासी मजदूर–एलपीजी सिलेंडर

---

केन्द्र सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी सिलेंडरों के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का निर्णय लिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉक्टर नीरज मित्तल ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के

मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पांच किलोग्राम के ये एलपीजी सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभागों को केवल अपने राज्य में प्रवासी मजदूरों को तेल विपणन कंपनियों के सहयोग से आपूर्ति करने के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस बीच, पष्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने देष में खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता का भरोसा दिया है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने बताया कि चावल और गेहूं का पर्याप्त भंडार मौजूद है। वहीं, एलपीजी और खाद्य तेल की आपूर्ति भी सुचारु बनी हुई है।

## सूचना प्रसारण मंत्रालय—निर्णय

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रसारण श्रोता अनुसंधान परिषद को निर्देश दिया है कि वह अगले चार सप्ताह तक समाचार टीवी चैनलों के टेलीविजन रेटिंग अंकों को प्रकाशित न करें। यह निर्णय पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कुछ समाचार चैनलों द्वारा अवांछित सनसनी प्रदर्शन और काल्पनिक समाचारों पर रोक लगाने के लिए लिया गया है।

## खान मंत्रालय—नियम

खान मंत्रालय ने खनिज रियायत नियमों में संषोधन की अधिसूचना जारी कर दी है। इससे खनन पट्टे के आसपास के क्षेत्र और उससे जुड़े खनिजों को शामिल करने का मार्ग प्रषस्त हो गया है। संषोधित नियमों में क्षेत्र विस्तार के

आवेदन के निस्तारण के लिए सरल और समयबद्ध प्रावधान किए गए हैं। राज्य सरकार के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वह आवेदन प्राप्त होने के तीस दिनों के भीतर अनुमति प्रदान करें।

## आरटीई–प्रवेश

प्रदेश में आरटीई के तहत प्रवेष नहीं देने वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले निजी स्कूलों की मान्यता भी रद्द की जाएगी। स्कूल षिक्षा विभाग ने बताया कि निजी विद्यालयों में पच्चीस प्रतिषत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। इसके बदले सरकार स्कूलों को प्रतिपूर्ति राषि देती है, जो अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर मानी जा रही है। वर्तमान में प्रदेष के छह हजार आठ सौ से अधिक निजी स्कूलों में तीन लाख तिरसठ हजार से अधिक विद्यार्थी इस योजना का लाभ ले रहे हैं।

## महतारी वंदन योजना

महतारी वंदन योजना की छब्बीसवीं किष्त कल जारी की गई। इसके तहत अड़सठ लाख अड़तालीस हजार से अधिक महिलाओं के खातों में छह सौ इकतालीस करोड़ बासठ लाख रुपये अंतरित किए गए। महिला और बाल विकास विभाग ने बताया कि जिन हितग्राहियों का ई–केवाईसी लंबित है, वे

तीस जून तक इसे पूरा करा लें, ताकि महतारी वंदन की राषि उन्हें निर्बाध मिलती रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस

---

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और जन—जागरूकता बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ सहित देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष की थीम है— स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें।

इसी कड़ी में गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गौरेला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर के.के. सोनी ने बताया कि एचपीवी टीका किशोरियों को गंभीर रोगों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेषवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए स्वस्थ जीवनषैली अपनाने की अपील की है।

## केरोसिन—आवंटन

---

प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली—पीडीएस के तहत अप्रैल महीने के लिए केरोसिन का आबंटन जारी कर दिया गया है। खाद्य विभाग ने केंद्र

सरकार से प्राप्त पहली तिमाही के कोटे में से पांच सौ अट्ठाईस किलोलीटर केरोसिन राशनकार्डधारियों के लिए आवंटित किया है। यह केरोसिन उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से वितरित किया जाएगा। खाद्य विभाग के अनुसार अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के सभी राशनकार्डधारियों को इसका लाभ मिलेगा। शहरी क्षेत्रों में प्रति राशनकार्ड अधिकतम एक लीटर और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम दो लीटर केरोसिन दिया जाएगा।

**राज्पाल–छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक**

छत्तीसगढ के राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस विधेयक को उन्नीस मार्च को राज्य विधानसभा में पारित किया गया था। इस विधेयक में जबरदस्ती प्रलोभनए धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर धर्म परिवर्तन कराने और सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान है।

**दुर्घटना**

बस्तर जिले के ढाबामारी गांव के पास आज सुबह हुए एक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि, पैंतीस से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज जगदलपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार सिरिसगुड़ा गांव से एक परिवार कुछ लोगों को साथ लेकर नारायणपुर जिले के रेंगाबेड़ा गांव में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। वापसी के दौरान इनका पिकअप वाहन घोटिया थाना क्षेत्र के ढाबामारी गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, कोरबा जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

इसी जिले में खड़गवां मार्ग पर कल्याणपुर के पास ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में एसईसीएल कर्मी सहित उनके माता–पिता की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

**बीएसपी–आगजनी**

भिलाई इस्पात संयंत्र के पावर प्लांट पीबीएस–टू के टर्बाइन में आज सुबह करीब दस बजे भीषण आग लग गई। आगजनी की इस घटना में दो नियमित और पांच ठेका श्रमिक घायल बताए जा रहे हैं, जिनका इलाज सेक्टर–नौ स्थित अस्पताल में चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। प्रशासन और संयंत्र प्रबंधन की टीम आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

**ठगी**

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले की सरसींवा पुलिस ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बैंक खातों से करीब इकतीस लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बैंककर्मियों के साथ मिलकर खातों को फर्जी तरीके से अनहोल्ड कर रकम निकाली। आरोपियों के पास से वाहन, लैपटॉप और अन्य सामग्री सहित करीब चालीस लाख रुपये का सामान जब्त किया गया है।

**मौसम**

अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेष में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपर बना हुआ है। वहीं, एक अन्य चक्रवाती घेरा ओडिशा और उसके आसपास विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

– छत्तीसगढ़ को मखाना उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाने की दिषा में राज्य सरकार ने पहल तेज कर दी है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कल रायपुर

जिले के लिंगाडीह में मखाना सेंटर का निरीक्षण कर "मखाना सर्किट" विकसित करने की घोषणा की।

– "ज्ञान भारतम् मिषन" के तहत रायपुर जिले में पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान शुरू किया गया है। कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने लोगों से अपील की है कि उनके पास उपलब्ध ऐतिहासिक पांडुलिपियों की जानकारी संबंधित विभाग को दें, ताकि इन्हें सुरक्षित रखा जा सके।

और

– बिलासपुर जिले में सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की पुलिस ने आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकद राशि और मोबाइल सहित सत्रह लाख रूपए की सामग्री जब्त की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>